अनुक्रमांक ...................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम ............................................... पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# प्रथम सेमेस्टर – 2020
## (शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** "सीखना व्यवहार में उत्तरोत्तर सामंजस्य की प्रक्रिया है।" यह कथन है— **(1)**

(A) स्किनर (B) जैक्सन

(C) क्रो एण्ड क्रो (D) वाटसन

**2.** सम्प्रेषण का कार्य है— **(1)**

(A) सूचना प्रदान करना (B) निर्देश प्रसारित करना

(C) समन्वय स्थापित करना (D) उपर्युक्त सभी

**3.** क्रियाशीलता का सिद्धान्त सर्वाधिक बल देता है— **(1)**

(A) अनुकरण का (B) आदर्श पाठ की प्रस्तुति का

(C) करके सीखने का (D) गृहकार्य करने का

**4.** कक्षा में सम्प्रेषण का प्रारूप होता है— **(1)**

(A) शाब्दिक सम्प्रेषण (B) शाब्दिक एवं अशाब्दिक सम्प्रेषण

(C) लिखित सम्प्रेषण (D) मौखिक सम्प्रेषण

**5.** आगमन विधि से सम्बन्धित सूत्र है— **(1)**

(A) स्थूल से सूक्ष्म की ओर (B) ज्ञात से अज्ञात की ओर

(C) विशिष्ट से सामान्य की ओर (D) मूर्त से अमूर्त की ओर

**6.** भाषा शिक्षण हेतु उपयुक्त युक्ति है— **(1)**

(A) पर्यटन (B) कहानी

(C) वर्णन (D) स्पष्टीकरण

**7.** गेस्टाल्ट मनोविज्ञान पर आधारित शिक्षण सूत्र है— **(1)**

(A) पूर्ण से अंश की ओर (B) मूर्त से अमूर्त की ओर

(C) ज्ञात से अज्ञात की ओर (D) सरल से जटिल की ओर

**8.** प्रदर्शन युक्ति किस स्तर के छात्रों के लिए उपयोगी है— **(1)**

(A) माध्यमिक स्तर (B) प्राथमिक स्तर

(C) उच्च स्तर (D) इनमें से कोई नहीं

**9.** सहायक सामग्री का सर्वाधिक प्रयोग किया जा सकता है— **(1)**

(A) विज्ञान (B) गणित

(C) भूगोल (D) उपर्युक्त सभी में

**10.** बच्चे में कल्पना शक्ति का विकास होता है— **(1)**

(A) समूह कार्य द्वारा (B) प्रश्नोत्तर द्वारा

(C) व्याख्यान द्वारा (D) कहानी द्वारा

**11.** सम्प्रेषण के घटक हैं— **(1)**

(A) प्रेषक
(B) संदेश
(C) ग्राही
(D) उपर्युक्त सभी

**12.** सूक्ष्म शिक्षण के जन्मदाता हैं— **(1)**

(A) फ्लैण्डर्स
(B) डी. डब्ल्यू. एलन
(C) एन. एल. गेज
(D) स्किनर

**13.** पाठ योजना का प्रथम बिन्दु है— **(1)**

(A) प्रस्तावना प्रश्न
(B) उद्देश्य कथन
(C) कठिनाई निवारण
(D) व्याख्या

**14.** शिक्षण के कितने चरण होते हैं— **(1)**

(A) एक
(B) तीन
(C) दो
(D) चार

**15.** दृश्य सामग्री है— **(1)**

(A) ग्रामोफोन
(B) चलचित्र
(C) श्यामपट्ट
(D) लिंग्वाफोन

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** किन्हीं दो शिक्षण प्रविधियों का नाम लिखिए। **(1)**

**17.** शिक्षण में प्रेरणा के सिद्धान्त से क्या आशय है? **(1)**

**18.** शिक्षण की दो विशेषताएँ लिखिए। **(1)**

**19.** सम्प्रेषण से क्या आशय है? **(1)**

**20.** सहगामी शिक्षण की दो उपयोगिता लिखिए। **(1)**

**21.** उपचारात्मक शिक्षण के दो उद्देश्य लिखिए। **(1)**

**22.** पुनर्बलन कौशल से क्या अभिप्राय है? **(1)**

**23.** प्रकृति का अनुसरण शिक्षण सूत्र से क्या अभिप्राय है? **(1)**

**24.** बहुकक्षा शिक्षण की दो समस्याएँ लिखिए। **(1)**

**25.** उपचारात्मक शिक्षण के दो उद्देश्य लिखिए। **(1)**

**26.** न्यूनतम अधिगम स्तर से क्या अभिप्राय है? **(1)**

**27.** शिक्षण में श्रव्य-दृश्य सामग्री के दो कार्य लिखिए। **(1)**

**28.** 'गणित किट' के चार उपकरणों के नाम लिखिए। **(1)**

**29.** 'अनुभूति से युक्तियुक्त की ओर' शिक्षण सूत्र से क्या अभिप्राय है? **(1)**

**30.** सामूहिक सम्प्रेषण के दो गुण लिखिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** गतिविधि आधारित शिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डालिए। **(2)**

**32.** उत्तम शिक्षण-अधिगम सामग्री की विशेषताएँ लिखिए। **(2)**

**33.** खेल विधि पर आधारित शिक्षण पद्धतियों का उल्लेख कीजिए। **(2)**

**34.** शिक्षण तथा प्रशिक्षण में क्या अन्तर है? स्पष्ट कीजिए। **(2)**



1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-1/shikshan-adhigam-ke-siddhant/2020

2. शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-1/shikshan-adhigam-ke-siddhant/

3. शिक्षण अधिगम के सिद्धान्त के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-1/shikshan-adhigam-ke-siddhant/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN